# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी कपासन, जिला चित्तौड़गढ़

**पीठासीन अधिकारी— राजेश सुवालका (आर.ए.एस.)**

| प्रकरण संख्या | दायर दिनांक | निर्णय दिनांक |
|---|---|---|
| 94/2025 | 19.05.2025 | 05.06.2025 |

अनवान

1. गोकल पिता प्यारा जाति चमार आयु वयस्क निवासी बाबरियाखेडा तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
2. गोवर्धन लाल पिता प्यारा जाति चमार आयु वयस्क निवासी बाबरियाखेडा तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
3. मोहनलाल पिता प्यारा जाति चमार आयु वयस्क निवासी बाबरियाखेडा तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
4. रामेश्वरलाल पिता प्यारा जाति चमार आयु वयस्क निवासी बाबरियाखेडा तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।

**प्रार्थीगण**

**बनाम**

1. चम्पाबाई पत्नी प्यारा जाति चमार आयु वयस्क निवासी बाबरियाखेडा तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
2. अणछी पत्नी कस्तुरा जाति चमार आयु वयस्क निवासी बाबरियाखेडा तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
3. उंकारलाल पिता किशना जाति चमार आयु वयस्क निवासी बाबरियाखेडा तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
4. उदा पिता किशना जाति बैरवा आयु वयस्क निवासी बाबरियाखेडा तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
5. प्रेमी पुत्री कस्तुरा पत्नी भैरूलाल जाति चमार आयु वयस्क निवासी बाबरियाखेडा तहसील कपासन हाल मुकाम चितौडिया तहसील राशमी जिला चित्तौडगढ।
6. बगदीराम पिता कस्तुरा जाति चमार आयु वयस्क निवासी बाबरियाखेडा तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
7. मांगीलाल पिता कस्तुरा जाति चमार आयु वयस्क निवासी बाबरियाखेडा तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
8. बद्रीलाल पिता भैरूलाल जाति जाट आयु वयस्क निवासी बाबरियाखेडा तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
9. गोपाल पिता बाबुलाल जाति जाट आयु वयस्क निवासी बाबरियाखेडा तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ।
10. बद्रीलाल पिता डालु जाति जाट आयु वयस्क निवासी डिण्डोली तहसील राशमी जिला चित्तौडगढ।
11. बालु पिता जीतु जाति जाट आयु वयस्क निवासी डिण्डोली तहसील राशमी जिला चित्तौडगढ।
12. भैरूलाल मुतबन्ना रामलाल जाति जाट आयु वयस्क निवासी डिण्डोली तहसील राशमी जिला चित्तौडगढ।
13. शोभालाल पिता माधुलाल जाति जाट आयु वयस्क निवासी डिण्डोली तहसील राशमी जिला चित्तौडगढ।

**अप्रार्थीगण**

उपस्थितिः— अधिवक्ता श्री ओमप्रकाश बैरवा — प्रार्थीगण

एकतरफा — अप्रार्थीगण

सहायक कलेक्टर
(उपखण्ड अधिकारी)
कपासन जिला-चित्तौडगढ

—:: प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 राज0 भू—राजस्व अधिनियम::—

**—:: निर्णय ::—**

संक्षेप में विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थीगण ने अप्रार्थीगण के विरूद्ध प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 128 राज0 भू—राजस्व अधिनियम, 1956 प्रस्तुत कर निवेदन किया कि मौजा बावरियाखेडा पटवार हल्का दोवनी तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ की जमाबंदी संवत् 2074—2077 के खाता संख्या 153 की अभिलिखित आराजीयात आराजी संख्या 314, 315, 317, 328, 329, 330, 336, 831/342, 837/96, 840/97, 845/318, 855/331, 857/332, 859/340, 862/95 कुल किता 15 कुल रकबा 1.79 हैक्ट0 तथा खाता संख्या 04 की अभिलिखित आराजी संख्या 338, 832/342, 835/94, 838/96, 841/97, 863/95, 865/98 कुल किता 07 कुल रकबा 0.19 हैक्ट0 कृषि भूमि प्रार्थीगण के सह खातेदारी एवं कब्जे काश्त की है, और अप्रार्थीगण आराजियात जैर—बहस के पडौसी खातेदारान है। प्रार्थीगण एवं विपक्षीगण की आराजियात के बीच कोई स्थाई सीमा चिन्ह नहीं होने के कारण विवाद होता रहता है। अतः प्रार्थीगण की खातेदारी की आराजियात की मौके पर अभिलेख अनुसार नपती की जाकर मौके पर स्थाई सीमा—चिन्ह स्थापित किया जावें। प्रार्थीगण वर्णित भूमि के सहखातेदार काश्तकार है।

इस पर प्रार्थीगण के प्रार्थना पत्र को दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थी संख्या 1 से 4 एवं 6 से 13 के विरूद्ध बावजूद सूचना के हाजिर नही आने से एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई गई। अप्रार्थी संख्या 5 की ओर से जवाब इकबालिया प्रस्तुत। हाजिर वकील प्रार्थीगण द्वारा प्रकरण का निस्तारण आज ही किये जाने की ईश्तदुआ की गई। हाजिर वकील प्रार्थीगण द्वारा निवेदन किया गया कि मामला पत्थरगढी का है व प्रार्थीगण अपनी आराजीयात की पत्थरगढी कराना चाहते है, अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जावें। हमने प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया। चिंतन मनन किया एवं पत्रावली को वास्ते आदेश नियत किया गया।

हमने पत्रावली का आद्योपान्त अवलोकन किया। प्रार्थीगण की ओर से प्रस्तुत राजस्व अभिलेख नकल जमाबन्दी का अवलोकन किया गया। प्रकरण के तथ्यों व बहस पर मनन किया। प्रार्थीगण आराजियात जैरबहस के सहखातेदार काश्तकार हो कर इन्हें आराजीयात जैर—बहस की नपती करा पत्थरगढी कराने का अधिकार निहित है। उपर्युक्त विवेचन के क्रम मे प्रार्थीगण प्रार्थना पत्र में अंकित भूमि के खातेदार काश्तकार होने से सीमाज्ञान कराने के अधिकारी होने से प्रार्थना पत्र अर्न्तगत धारा 128 राज0 भू—राजस्व अधिनियम, 1956 स्वीकार किया जाता है कि प्रार्थीगण की खातेदारी की आराजीयात मौजा बावरियाखेडा पटवार हल्का दोवनी तहसील कपासन जिला चित्तौडगढ की जमाबंदी संवत् 2074—2077 के खाता संख्या 153 की अभिलिखित आराजीयात आराजी संख्या 314, 315, 317, 328, 329, 330, 336, 831/342, 837/96, 840/97, 845/318, 855/331, 857/332, 859/340, 862/95 कुल किता 15 कुल रकबा 1.79 हैक्ट0 तथा खाता संख्या 04 की अभिलिखित आराजी संख्या 338, 832/342, 835/94, 838/96, 841/97, 863/95, 865/98 कुल किता 07 कुल रकबा 0.19 हैक्ट0 कृषि भूमि फरीकेन मुकदमा को सूचित किया जाकर उनकी उपस्थिति में किसी न्यायालय का स्थगन न हो तो, किसी को विना बेदखली एवं बिना किसी के कब्जे काश्त में दखलन्दाजी किये पत्थरगढ़ी की जावे। पत्थरगढी हेतु भू0अभि0निरी0 धमाणा को 1000/— रूपये शुल्क पर मौका कमिश्नर नियुक्त किया जाता है, कमिश्नरी शुल्क का रिकार्ड विधिवत संधारित किया जाकर पालना रिपोर्ट मय पर्चा मौका एवं मौका नक्शा इस न्यायालय में आवश्यक रूप से पेश करे तथा कमिश्नरी फीस प्रार्थी से मौके पर प्राप्त करें। पालनार्थ तहसीलदार कपासन को तहरीर जारी करे।

पत्रावली की निर्णित इन्द्राज की जाकर बाद आवश्यक कार्यवाही अभिलेखागार में भिजवाई जावें। निर्णय आज दिनांक 05.06.2025 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

कार्यालय उपखण्ड अधिकारी, कपासन • जिला चित्तौडगढ़

(राजेश सुवालका)
उपखण्ड अधिकारी
कपासन
सहायक कलेक्टर
(उपखण्ड अधिकारी)
कपासन जिला-चित्तौडगढ